## आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 14.08.2025** **समय : 06.45 pm**

**मुख्य समाचार :–**

- स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शाम 7 बजे राष्ट्रपति करेगी राष्ट्र को संबोधित।
- देश कल मनायेगा 79 वां स्वतंत्रता दिवस, प्रधानमंत्री लाल किले के प्राचीर से करेंगे ध्वजारोहण।
- हर घर तिरगा यात्रा अभियान के तहत तिरंगा यात्राओं का दौर जारी, मुख्यमंत्री भोपाल में हुए शामिल।
- प्रदेश में तेज बारिश का दौर फिर शुरू, अगले तीन दिन तक प्रदेश के कई हिस्सों अति भारी बारिश का अलर्ट।

**अब समाचार विस्तार सेः–**

**राष्ट्रपति-संबोधन**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज 79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन शाम 7 बजे से आकाशवाणी के साथ हि दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी और अंग्रेज़ी भाषा सुना जा सकेगा। इसके बाद क्षेत्रीय चैनलों और नेटवर्क पर पर इसे विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रसारित किया जाएगा।

**प्रधानमंत्री-स्वतंत्रता दिवस**

देश कल 79 वां स्वतंत्रता दिवस मनाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस अवसर पर दिल्ली में लाल किले के प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और राष्ट्र को संबोधित करेंगे। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह का विषय **नया भारत** है। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का उत्सव मनाया जाएगा। समारोह में शामिल होने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से लगभग पाँच हज़ार विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित किया गया है।

**मुख्यमंत्री स्वतंत्रता दिवस**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्षगांठ पर कल भोपाल में आयोजित राज्य-स्तरीय समारोह में ध्वजारोहण कर प्रदेशवासियों के नाम संदेश देंगे। इस अवसर पर राजधानी भोपाल सहित जिला मुख्यालयों पर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां भी होंगी। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा जबलपुर और उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल शहडोल में ध्वजारोहण करेंगे। इसके अलावा मंत्री कैलाश विजयवर्गीय धार, मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल

भिण्ड में ध्वजारोहण करेंगे। अन्य जिलों में भी राज्य के मंत्री और जिला कलेक्टर ध्वजारोहण करेंगे।

स्वतंत्रता दिवस बधाई

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल श्री पटेल ने देश की स्वतंत्रता के लिए बलिदान करने वाले क्रांतिकारियों, देशभक्तों और वीर शहीदों को नमन किया है। राज्यपाल श्री पटेल ने अपने संदेश में कहा है कि आज का दिन हमारे महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, बलिदानियों और राष्ट्र निर्माताओं के अदम्य साहस, समर्पण, त्याग और देशभक्ति को स्मरण करने का अवसर है, जिन्होंने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर हमें स्वतंत्र भारत का अमूल्य उपहार दिया। हम सभी उन्हें कृतज्ञता के साथ नमन करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उनके मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने भी स्वतंत्रता दिवस की बधाई प्रदेशवासियों को दी है।

**स्वतंत्रता दिवस-पुलिस पदक**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस, अग्निशमन, होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा और सेवाओं के कुल एक हजार नब्बे कर्मियों को वीरता और सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। गृह मंत्रालय ने कहा है कि 233 कर्मियों को वीरता पदक, 99 कर्मियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक और 758 कर्मियों को सराहनीय सेवा के लिए पदक से सम्मानित किया गया है।

**मुख्यमंत्री-मंडला**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज मंडला के आरडी कॉलेज में आयोजित भगवान बलराम जन्मोत्सव समारोह में शामिल हुए। इस हलधर महोत्सव में मुख्यमंत्री ने किसान कल्याण योजना में प्रदेश किसानों के खातों में 1671 करोड़ रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। मुख्यमंत्री द्वारा 226.12 करोड़ रुपये की लागत के कुल 24 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण भी किया।

**तिरंगा यात्रा प्रदेश**

प्रदेश में आज हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया गया। भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बड़े तालाब पर नावों पर निकाली गई तिरंगा यात्रा की

शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने कोलार में 35 किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। यात्रा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी उपस्थित रहे । मुख्यमंत्री डॉ यादव ने शौर्य स्मारक से निकाली गई तिरंगा यात्रा में भी सहभागिता की।
खं ंडवा में आज पुलिस परेड ग्राउंड से तिरंगा वाहन रैली आयोजित की गई। इसी तरह केंद्रीय विद्यालय, खंडवा द्वारा भी भव्य तिरंगा रैली आयोजित की गई। नीमच में जिला प्रशासन द्वारा आज फव्वारा चौक से तिरंगा रैली निकाली गई। झाबुआ नगर में आज ट्रैक्टर रैली का आयोजन किया गया। शिवपुरी में भी तिरंगा वाहन रैली निकाली गई। खरगोन में स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन एसडीएम कार्यालय से किया गया। देवास में हर घर तिरंगा अभियान के तहत परिवहन विभाग द्वारा बसों पर तिरंगे लगवाए गए।

**वस्त्र उद्योग**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 5 एफ विजन को ध्यान में रखते हुए प्रदेश परिधान और वस्त्र उद्योग में 'फार्म टू फाइबर, फाइबर टू फैक्ट्री, फैक्ट्री टू फैशन और फैशन टू फॉरेन' की समूची वैल्यू चेन को एकजुट कर वैश्विक केंद्र बनने की ओर बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज मुख्यमंत्री निवास पर बीएसएल के अंतराष्ट्रीय सोर्सिंग लीडर्स के साथ राउण्ड टेबल बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि धार जिले में स्थापित होने वाले "पीएम मित्रा पार्क" से प्रदेश में टैक्सटाइल क्षेत्र को नई ऊँचाइयाँ मिलेंगी। इस अवसर पर राज्य सरकार और बीएसएल के बीच एमओयू भी हुआ।

**शिवराज सिंह प्राकृतिक खेती**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली में हुई बैठक में खाद और यूरिया की कमी, आगामी रबी फसल के लिए 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' की तैयारियों, राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन, दलहन-तिलहन उत्पादन बढ़ाने, सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रबी फसल के लिए 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' की दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस नई दिल्ली में 15 और 16 सितंबर को आयोजित होगी और अभियान की औपचारिक शुरुआत 3 अक्टूबर, विजय पर्व के साथ होगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन की तैयारियों को लेकर भी चर्चा हुई।

## मौसम

मौसम विभाग ने अगले तीन दिन तक प्रदेश कई हिस्सों में अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। नर्मदापुरम, बैतूल और हरदा जिलों में आज और कल भारी वर्षा हो सकती है। इन जिलों के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश में कल बालाघाट, शिवपुरी और मुरैना में भारी वर्षा दर्ज की गई। करेला में 4 दशमलव 3 इंच बारिश हुई।

## अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर प्रदेश में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भोपाल, नरसिंहपुर, सतना में केन्द्रीय संचार ब्यूरो ने चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया।
- रायसेन के श्रीराधा–कृष्ण मंदिर में 'श्रीकृष्ण पर्व'– "हलधर महोत्सव एवं लीला पुरुषोत्तम प्रकटोत्सव पर्व" 16 अगस्त को आयोजित होगा जिसमें मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सहभागिता करेंगे।
- शहडोल नगरपालिका बकाया राजस्व वसूली के लिए 31 अगस्त तक विशेष वसूली अभियान चला रही है।
- देवास मे लोकमाता अहिल्याबाई की 300वीं जन्म जयंती वर्ष के अवसर पर संस्कृति विभाग द्वारा मल्हार स्मृति मंदिर सभागार में नाटक "लोकमाता अहिल्याबाई के जीवन, अवदान और वैभव का गान" का मंचन हुआ।

----------------